**भारत सरकार**
**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**
**रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-393**
**दिनांक 04.02.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए**

.....

**सरकारी उपक्रमों का विनिवेश**

**393. श्री कपिल मोरेश्वर पाटीलः**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उनके मंत्रालय के तहत निजीकृत/विनिवेश किए गए सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) का ब्यौरा क्या है और अब तक इससे जनित राजस्व की राशि का उपक्रम-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पीएसयू के निजीकरण/विनिवेश की प्रक्रिया में कोई विसंगतियां देखी गई हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी उपक्रम-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;
(घ) क्या सरकार ने राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड और राष्ट्रीय रसायन और उर्वरक लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी का विनिवेश करने का निर्णय लिया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इससे प्राप्त राजस्व का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा)**

**(क) से (ग):** उर्वरक विभाग के तहत, आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की दिनांक 27 दिसंबर, 2016 को आयोजित बैठक में रणनीतिक बिक्री के माध्यम से प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल) में भारत सरकार के 100% हिस्से के विनिवेश की प्रक्रिया को 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्रदान किया गया था। वैकल्पिक तंत्र (एएम) ने दिनांक 18 फरवरी, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में विनिवेश पर कोर ग्रुप ऑफ सेक्रेटरी (सीजीडी) की निम्नलिखित सिफारिशों पर विचार किया और अनुमोदन किया:

i. सीजीडी द्वारा अनुशंसित इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) द्वारा प्रस्तुत की गई सशर्त वित्तीय बोली की अस्वीकृति।

ii. दो-स्तरीय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से पहचाने गए रणनीतिक क्रेताओं को पीडीआईएल में भारत सरकार की 100% हिस्सेदारी के विनिवेश की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उर्वरक विभाग को अधिकृत करना।

औषध विभाग के तहत मंत्रिमंडल ने दिनांक 28.12.2016 और 17.07.2019 को इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) और राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आरडीपीएल) को बंद करने और बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (बीसीपीएल और हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की रणनीतिक बिक्री का निर्णय लिया। सीसीईए ने 01.11.2017 को कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (केएपीएल) में भारत सरकार की 100% इक्विटी विनिवेश करने का निर्णय लिया है।

अब तक, विनिवेश के माध्यम से राजस्व सृजित नहीं हुआ है।

**(घ) से (ङ):** जी नहीं। ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

*****